हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 10 जून 2026

04 धनुषधारी मंदिर की करोड़ों की संपत्ति को...



07 बस्ती में भरा बारिश का पानी, निकालने पर थमा...






## खबर संक्षेप

### जिला स्वास्थ्य समिति व जिला पोषण समिति की संयुक्त बैठक 11 जून को

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति एवं जिला पोषण समिति की संयुक्त बैठक 11 जून दिन गुरुवार को शाम 03 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सागर में आयोजित की जावेगी जिसमें विभाग के अंतर्गत विभिन्न सूचकांको जिसमें एनआरसी, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण जैसे विभिन्न बिदुओं की समीक्षा की जाएगी।

### करियर काउंसलिंग सेमिनार 11 जून को

**सागर।** युवाओं को उनके भविष्य के करियर, उच्च शिक्षा एवं रोजगार के अवसरों के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से सहोद्रा राय शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, सागर में 11 जून को दोपहर 12:00 बजे से करियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। इस सेमिनार में विशेष रूप से 10वीं, 12वीं एवं आईटीआई उत्तीर्ण विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा, डिप्लोमा पाठ्यक्रमों, उच्च शिक्षा के विभिन्न विकल्पों, रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों, अप्रेंटिसशिप, शासकीय एवं निजी क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार अवसरों तथा स्वरोजगार की संभावनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही वर्तमान समय में रोजगार के बदलते परिदृश्य और उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकास के महत्व पर भी चर्चा की जाएगी।

### अपेक्स बैंक के प्रशासक का सागर प्रवास, 11 जून को आएंगे सागर

**सागर।** मध्य प्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक) के प्रशासक महेन्द्र सिंह यादव का सागर प्रवास प्रस्तावित है। प्रशासक महेन्द्र सिंह यादव 11 एवं 12 जून को सागर प्रवास पर रहेंगे। जहां वह 11 जून 2026 को प्रातः 11.30 बजे जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. के सभागार में आयोजित सागर संभाग के जिला बैंकों की समीक्षा बैठक में शामिल होंगे। बैंक की बैठक के पश्चात दोपहर 02:00 बजे सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों से सौजन्य भेंट करेंगे। प्रशासक महेन्द्र सिंह यादव अपने प्रवास के द्वितीय दिवस 12 जून को दिन शुक्रवार को प्रातः 08.00 बजे सागर से गडाकोटा, दमोह, तेंदुखेड़ा, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक पाटन शाखा का भ्रमण करेंगे। तत्पश्चात जनपद पंचायत पाटन में जनप्रतिनिधियो से भेंट करेंगे एवं जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### नगर निगम कार्यालय में बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित

**सागर।** आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए संभावित बाढ़ एवं अन्य आपदा परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए नगर निगम द्वारा व्यापक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के मार्गदर्शन में नगर निगम की पुरानी बिल्डिंग के कक्ष क्रमांक-43 में बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जो 24 घंटे संचालित रहेगा। नगर निगम आयुक्त ने बाढ़ आपदा प्रबंधन एवं आपातकालीन कार्यों के त्वरित संचालन के लिए फायर प्रभारी सईद्दुदीन कुरैशी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। नियंत्रण कक्ष में अधिकारी एवं कर्मचारी तीन शिफ्टों में कार्य करेंगे तथा अवकाश के दिनों में भी सेवाएं निरंतर जारी रहेंगी। नागरिक किसी भी आपात स्थिति, जलभराव अथवा बाढ़ संबंधी सूचना के लिए टोल फ्री नंबर 07582-224550 पर संपर्क कर सकेंगे। कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे निर्धारित शिफ्ट के अनुसार समय पर उपस्थित रहें तथा अगली शिफ्ट के कर्मचारी के कार्यभार ग्रहण करने के बाद ही कर्तव्य स्थल छोड़ें।

## उप संचालक कृषि पन्ना, को नाटिस जारी करने के कमिश्नर ने दिए निर्देश

# उपार्जित अनाजों का तेजी से परिवहन, भंडारण और किसानों को भुगतान सुनिश्चित करें: कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग में उपार्जित अनाजों का तेजी से परिवहन, भण्डारण और किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। कमिश्नर ने कहा है कि सागर संभाग के सभी जिलों में उपार्जित अनाजों का तेजी से परिवहन, भण्डारण और किसानों को उपर्जित अनाजों का भुगतान सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किया जाए।

कमिश्नर ने सागर संभाग के सभी कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे सागर संभाग में किसानों को उच्चा गुणवत्ता के खाद, बीज और कीटनाशकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं तथा खाद, बीज और कीटनाशकों की उच्च स्तर की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए गुणवत्ता नियंत्रण के लिए सख्ती कार्यवाही सुनिश्चित करें।



कमिश्नर ने खाद, बीज और कीटनाशकों की गुणवत्ता नियंत्रण के लिए सागर संभाग के निवाड़ी, टीकमगढ़ एवं पन्ना जिले में अपेक्षित कार्य नहीं होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे खाद, बीज और कीटनाशकों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जून माह के अंत तक निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध शत प्रतिशत नमूने लें तथा अमानक स्तर के खाद, बीज और कीटनाशक बेचने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करें।

कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि किसानों को उच्चत गुणवत्ता का खाद, बीज और कीटनाशक मुहैया कराना हमारी सर्वोच्चा प्राथमिकता है। इस दिशा में कृषि विभाग के अधिकारी समुचित कार्यवाही सुनिश्चित करें। कमिश्नर सागर संभाग ने उक्त निर्देश आज कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, मण्डी बोर्ड की संयुक्त समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। बैठक में मिट्टी परीक्षण कार्य की जिलेवार समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने सागर संभाग के पन्ना जिले में अपेक्षित कार्य नहीं होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। समीक्षा के दौरान स्वाईल हेल्थ कार्ड वितरण कार्य में भी पन्ना जिले की प्रगति नगण्य पाई गई। जिस पर कमिश्नर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उप संचालक कृषि पन्ना को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश संयुक्त संचालक कृषि सागर संभाग को दिए। समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सागर संभाग के सभी जिलों में मिट्टी परीक्षण कार्य का लक्ष्य, विश्लेषण का लक्ष्य तेजी से पूर्ण कराएं तथा किसानों को स्वाईल हेल्थ कार्ड का वितरण समय सीमा में पूर्ण कराएं।

बैठक में कमिश्नर ने नरवाई जलाने की प्रकरणों की जिलेवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सागर संभाग के सभी जिलों में नरवाई जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान पन्ना और सागर जिले में पिछले वर्षों की अपेक्षा रबी सीजन में नरवाई जलाने के प्रकरणों में वृद्धि होने पर कमिश्नर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा कहा कि कृषि विभाग नरवाई जाने से रोकने के लिए कार्ययोजना तैयार कर कार्यवाही सुनिश्चत करे।

बैठक में कमिश्नर ने कहा कि आगामी खरीफ सीजन के लिए किसानों को उनकी कृषि आवश्यकताओं के लिए सहजता से ऋण वितरण सुनिश्ति किया जाए तथा कालातीत ऋणों की वसूली के लिए भी विशेष प्रयास किए जाएं। कमिश्नर ने अपेक्स बैंक तथा सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कालातीत ऋणों की जिलेवार समीक्षा करें तथा कालातीत ऋणों की वसूली के लिए समुचित कार्यवाही भी सुनिश्चित करें।

बैठक में कमिश्नर ने प्राकृतिक खेती कार्यक्रम, बायोरिसोंस सेंटर, मॉडल डिमोंस्ट्रेसन कार्य, बीज प्रमाणीकरण कार्यक्रम एवं कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही बलराम तालाब योजना की प्रगति की भी समीक्षा की। बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास श्री राकेश शुक्ला, संयुक्त संचालक कृषि, संयुक्त संचालक मण्डी बोर्ड, बीज प्रमाणीकरण अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## कांग्रेस शहर सेवादल परिवार ने आदिवासी जन नायक बिरसा मुंडा का बलिदान दिवस मनाया

**सागर।** जिला शहर सेवादल ने आदिवासी जननायक अमर शहीद बिरसा मुंडा का बलिदान दिवस मनाया। इस मौके पर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने कहा बिरसा मुंडा ने 25 साल के छोटे से जीवन काल में ही अमर शहीदों की सूची और देश के गौरवशाली इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया। सेवादल परिवार जनों ने तीनबत्ती स्थित कार्यालय में वीर बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर आदिवासी जननायक बिरसा मुंडा के शौर्य और साहस को नमन किया इस कार्यक्रम में लाल्ला यादव, परख शुक्ला, अंकुर यादव, लकी पंडा, अन्नू घोषी, लखन पटेल, पंकज सोनी, लल्ला यादव, राहुल सेन, छोटू तिवारी, दीपक मिश्रा, कीर्ति ठाकुर, ज्येश अग्रवाल, राहुल जैन, रवि जैन मौजूद रहे।




## शासकीय भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल द्वारा जिले की शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करने हेतु समस्त एसडीएम को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि कि शासकीय भूमि पर अतिक्रमण बर्दाशत नहीं किया जाएगा। समस्त एसडीएम को शासकीय भूमि पर से अवैध कब्जा एवं अतिक्रमण से मुक्त करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। इसी क्रम में कलेक्टर पाल के निर्देशनुसार ग्राम बम्होरी बीका में सागर-रहली मार्ग में सर्विस रोड हेतु एनएचआई द्वारा अधिग्रहित की गयी भूमि खसरा नं 15/1, 15/3 कुल रकवा 0.37 हे में से अर्जित रकवा 0.06 हे पर स्थित निर्माण कार्य पर बुलडोजर की कार्यवाही करते हुए भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। उक्त कार्यवाही के दौरान मौके पर तहसीलदार राहुल गौड़, पटवारी अरविंद एवं एनएचएआई के इंजीनियर आयुष पाठक उपस्थित रहे।



## बिरसा मुंडा जी का संघर्ष राष्ट्र चेतना की अमर गाथा है: श्याम तिवारी

**सागर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में मंगलवार को भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा द्वारा महान क्रांतिकारी, आदिवासी समाज के गौरव एवं स्वतंत्रता संग्राम के अमर नायक भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई।कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ गुरैया, विक्रम सोनी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष उमेश गौड़ सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष उमेश गौड़ एवं उपस्थित पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं ने भगवान बिरसा मुंडा जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि "भगवान बिरसा मुंडा जी का संघर्ष राष्ट्र चेतना की अमर गाथा है। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध जनजातीय समाज को संगठित कर स्वतंत्रता आंदोलन को नई ऊर्जा प्रदान की थी। उनका जीवन त्याग, संघर्ष और स्वाभिमान की अद्वितीय मिसाल है।"उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा जी के योगदान को राष्ट्रीय पहचान दिलाने का कार्य किया है। आज पूरा देश उनकी जयंती को "जनजातीय गौरव दिवस" के रूप में मना रहा है, जो आदिवासी समाज के सम्मान, स्वाभिमान और गौरव का प्रतीक बन चुका है। अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष उमेश गौड़ ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जी केवल जनजातीय समाज ही नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के प्रेरणास्त्रोत हैं। उनका संघर्ष युवाओं को राष्ट्रभक्ति, सामाजिक चेतना और अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनजातीय समाज के उत्थान एवं सम्मान के लिए निरंतर कार्य कर रही है।कार्यक्रम के दौरान संभागीय कार्यालय "भारत माता की जय" एवं "भगवान बिरसा मुंडा अमर रहें" के उद्घोषों से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम का संचालन अर्जुन सूर्यवंशी एवं गंगा भगत ने किया।

## हवन पूर्णाहुति के साथ भागवत कथा का समापन नगर विधायक जैन हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

तिली रोड बैंक कॉलोनी स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में पुरुषोत्तम मास के अवसर पर आयोजित हुए साप्ताहिक ज्ञानयज्ञ का मंगलवार को हवन पूर्णाहुति और भंडारे के साथ समापन हुआ।

कार्यक्रम में पहुंचे नगर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने कहा कि धार्मिक आयोजन हमे आंतरिक ऊर्जा प्रदान करते है ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए साथ ही उन्होंने कहा मै पिछली बार बरसात के समय जब जल भराव हुआ था तब मंदिर आया था और उसका निदान हो गया है बड़ा नाला बनने का कार्य पूर्ण होने को है अब जल भराव नहीं होगा साथ ही मंदिर के गेट के सामने रोड भी बनाई जानी है जिसका सत्रह लाख का टेंडर हो चुका है रोड भी जल्दी बन जायेगी। मंदिर में एक अतिरिक्त कक्ष की आवश्यकता दिखी थी उसकी राशि भी शीघ्र जारी होने वाली है। पं. शिवप्रसाद तिवारी ने बताया प्रातः 8बजे से हवन पूर्णाहुति यजमान महेशचंददुबे, रामप्रकाश श्रीवास्तव, केशव प्रसाद गांधी आदि ने आहुतियाँ दी शाम 6बजे से कन्या भोज प्रारंभ हुआ जो देर रात तक चलता रहा।



इस अवसर पर कथा व्यास राष्ट्रीय संत गौपीठाधीश्वर पं.विपिन बिहारी जी महाराज, भगवतकृष्ण शास्त्री, अमित रामजी दुबे, स्थानीय पार्षद हेमंत यादव, राहुल चौबे, के सी व्यास, आर पी मिश्रा, के वी खरे, सिन्टू कटारे, सर्वेश्वर उपाध्याय, एम के चौबे, अखिलेश शर्मा, राजेंद्र गुप्ता, दीपक चतुर्वेदी, आशीष शर्मा, बाबूसिंह यादव, दीनानाथ दुबे,आर के भट्ट, देवेंद्र पटेल उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नया कीर्तिमान बनने पर बांदरी हनुमान मंदिर पर महाआरती व विशेष पूजा

**सागर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारत के प्रधानमंत्री के रूप में सबसे लंबे समय तक निरंतर निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सेवा देने गौरवपूर्ण कीर्तिमान स्थापित करने के उपलक्य में खुरई विधानसभा क्षेत्र के बांदरी के प्रमुख हनुमान जी मंदिर में महाआरती, विशेष पूजा-अर्चन एवं सुन्दर काण्ड कार्यक्रम पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह की उपस्थिति में 10 जून बुधवार के प्रातः 10 बजे आयोजित किया जा रहा है। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं व गणमान्य जनों को इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने का आग्रह करते हुए कहा है कि यह ऐतिहासिक अवसर हम सभी भाजपा कार्यकर्ताओं और राष्ट्रभक्त नागरिकों के लिए गर्व, प्रेरणा का विषय है जिसे हम सभी मिलकर उत्सव रूप में मनाएंगे। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी खुरई विधानसभा क्षेत्र के समस्त भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है है कि वे अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान कर इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बनें और कार्यक्रम को सफल बनाएं।



## आयुष्मान आरोग्य मंदिर डोंगरसलैया द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

**सागर।** आयुक्त संचालनालय आयुष मध्यप्रदेश भोपाल के आदेशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. जोगेंद्र सिंह ठाकुर के निर्देशन में शासकीय आयुर्वेद औषधालय (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) डोंगरसलैया द्वारा आज आंगनवाड़ी केंद्र 32 में आयुष जन स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सुप्रजा का आयोजन किया गया। शिविर में 0-6 वर्ष के बालक-बालिकाओं, लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क औषधि वितरित की गई। महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा टीकाकरण में भी सहयोग प्रदान किया गया। इसके साथ ही आगामी विश्व योग दिवस के 100 दिवस काउंटडाउन, 100 दिवस टीवी मुक्त भारत अभियान और निक्षय अभियान के तहत टीबी रोग के लक्षण, बचाव एवं उपचार के संबंध में जानकारी दी गई। शिविर में कुल 67 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। कार्यक्रम में आयुष विभाग का स्टाफ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## कांग्रेस ने काकागंज शमशान घाट पर किया पौधरोपण

# एक वृक्ष एक कार्यकर्ता के नाम से लगातार चलेगा यह अभियान: जाटव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव के द्वारा एक वृक्ष- एक कार्यकर्ता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों पर पौधरोपण किया जाएगा इसी के तहत मंगलवार को काकागंज के शमशान घाट पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी क्रमांक- 3 के अध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में सुबह शहर के अनेक कांग्रेस जनों ने पहुंचकर वृक्षारोपण कर और वृक्ष लगाने का संकल्प लिया। जिला शहर के कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि पेड़ पौधे हमें प्राण वायु देते हैं साथ ही बढ़ते वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने में वृक्षारोपण जरूरी है वृक्ष बारिश के पानी को सहेजने और भूजल स्तर को बढ़ाने में भी सहायक है पर्यावरण संरक्षण एवं बढ़ते प्रदूषण से निपटने के लिए शहर कांग्रेस जगह-जगह एक वृक्ष-एक कार्यकर्ता अभियान चला रही है। अमित राम जी दुबे ने कहा कि पेड़ पौधे हमारे जीवन का आधार है पेड़ों द्वारा शुद्ध ऑक्सीजन



मिलती है वर्तमान में पेड़ पौधों की अंधाधुंध कटाई से जंगल साफ हो रहे हैं जिससे वायु प्रदूषण बढ़ रहा है पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए सभी को अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने चाहिए। नेता प्रतिपक्ष बाबू सिंह यादव ने कहा पृथ्वी पर पर्यावरण बचाने के लिए हम सबको आक्सीजन प्रदान करने के लिए यह कार्यक्रम जो अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आदेश अनुसार चल रहा है इसमें हम हर जगह जाकर वातावरण शुद्ध बनाने के लिए पौधारोपण करेंगे इसमें हम सभी मिलकर अभियान के रूप में कार्य करेंगे।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राकेश राय, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हेमराज रजक, वीरेंद्र राजे, डॉक्टर आनंद हेला, सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष बंटी कोरी, द्वारका चौधरी, पूर्व पार्षद भैयन पटेल, गीता कुशवाहा, ड ॉक्टर किरण लता सोनी, ज्योति मलैया, अर्चना कनौजिया, रेखा अहिरवार, मीरा अहिरवार, उर्मिला अहिरवार, गोपाल प्रजापति, अजय सिंह राजपूत, अरविंद सिंह ठाकुर, राजेश कोरी, कुंजीलाल लड़ियां, जन समस्या निवारण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष महेश अहिरवार, तज्जु ख़ान, एड.लक्ष्मी नारायण सोनकिया, मयंक ठक्कर, अजय लारिया, दीनदयाल तिवारी, बाबू मछंदर, अरविंद मछंदर, नीरज रैकवार, पवन पटेल, जयदीप तिवारी, अमित चौरसिया, संजय सराफ, राजा पारूची, जाहिद ठेकेदार, सुरेश पंजवानी, रमेश कोरी, प्रशांत सोनी, एडवोकेट जगदेव सिंह ठाकुर, हरिनारायण कोरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद थे ।



## सीएमएचओ और डीपीओ ने किया वी एच एस एन डी सेशन का संयुक्त निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल द्वारा समय-सीमा बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जे.पी. आर्य और जिला कार्यक्रम अधिकारी भरत सिंह राजपूत ने विकासखंड राहतगढ़ के आंगनवाड़ी केंद्र मोहासा में आयोजित वीएचएसएनडी सेशन का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने आंगनवाड़ी केंद्र में टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच, बच्चों का वजन एवं पोषण स्तर, तथा वितरित किए जा रहे पूरक पोषण आहार की गुणवत्ता का अवलोकन किया। संयुक्त भ्रमण के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, एएनएम, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति रही है।

## खबर संक्षेप

### ललित टॉकीज के पास वृद्ध का शव मिला

**ललितपुर।** शहर के कोतवाली सदर क्षेत्र अंतर्गत ललित टॉकीज के पास सोमवार को एक वृद्ध व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना से इलाके में हड़कंप मच गया। शव को सड़क किनारे पड़े देख स्थानीय लोगों की भीड़ एकत्र हो गई और वृद्ध की पहचान तथा घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वृद्ध काफी समय से मौके पर पड़ा हुआ था, लेकिन किसी ने उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाने की पहल नहीं की। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली सदर पुलिस मौके पर पहुंची और वृद्ध को तत्काल मेडिकल कॉलेज ललितपुर भिजवाया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को पहचान एवं परिजनों के आने तक मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया गया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में मृतक की पहचान रज्जन प्रसाद जोशी निवासी जिला दतिया (मध्य प्रदेश) के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा परिजनों को सूचना दे दी गई है तथा मृत्यु के कारणों की जांच की जा रही है।

### भाजपा ने शोकसभा का आयोजन किया

**ललितपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर आयोजित शोकसभा में शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक,पूर्व प्रधानाचार्य, लोकतंत्र सेनानी ओमशंकर श्रीवास्तव के बड़े पुत्र हृषिकेश श्रीवास्तव उर्फ भैया जी श्रीवास्तव के निधन पर शोक व्यक्त किया गया एवं पवित्र आत्मा की शान्ति हेतु ईश्वर से प्रार्थना कर दो मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी,,सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन,बरिष्ठ नेता अशोक गोस्वामी,बरिष्ठ नेता बब्बू राजा बुंदेला, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप चौबे, हरीराम निरंजन, रमेश कुमार सिंह लोधी एड, जगदीश सिंह लोधी एड, राजकुमार जैन, बरिष्ठ नेता गन्धर्व सिंह लोधी बाबू जी,एम एल सी प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी,डा राजकुमार जैन, जिला महामंत्री गौरव गौतम, हरीराम सिंह लोधी एड, रामेश्वर प्रसाद सड़ैया,मुन्ना लाल सैदपुर, विलास चन्द्र पटैरिया, किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अजय पटैरिया, ईं भागीरथ बरुआ,जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, कमलापति रिछारिया, निखिल रामकुमार तिवारी,छक्की लाल साहू, शशिशेखर पांडेय,डा दीपक चौबे आदि उपस्थित रहे।

### 3 वर्षीय गुमशुदा बालिका को परिजनों से मिलाया

**विदिशा।** सिरोंज पुलिस ने 3 वर्षीय गुमशुदा बालिका को मात्र दो घंटे में उसके माता-पिता से सकुशल मिला दिया। 7 जून को न्यायालय के सामने रोती हुई मिली बालिका की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और उसे सुरक्षित थाना लेकर आई। बालिका से जानकारी लेने के बाद पुलिस ने नगर व आसपास क्षेत्रों में तलाश शुरू की तथा सोशल मीडिया के माध्यम से भी खोजबीन की। लगातार प्रयासों के बाद बालिका के माता-पिता का पता लगाया गया। सत्यापन के बाद बालिका को उनके सुपुर्द कर दिया गया।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 25 सितंबर को

**विदिशा।** गायत्री तीर्थ शांतिकुंज द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा-2026 की तिथियों की घोषणा कर दी गई है। गायत्री परिवार के जिला पदाधिकारी एवं द इंटरनेशनल लायंस के पूर्व अध्यक्ष लायन अरुण कुमार सोनी ने बताया कि विदिशा जिले में यह परीक्षा जिला संयोजक रश्मि पोरवाल के निर्देशन में आयोजित होगी। मध्य प्रदेश, राजस्थान एवं उत्तराखंड में परीक्षा 25 सितंबर को एक साथ होगी।

### रुक रुककर हुई बारिश से बढ़ी उमस

**विदिशा।** सोमवार को दिनभर मौसम खुला रहा। शाम होते ही अचानक रुक रुककर बारिश हुई। इससे उमस बढ़ गई है। दो दिनों से हो रही बारिश और उसके बाद धूप निकलने से उमस के कारण लोगों के पसीने छूट रहे हैं। वहीं अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है।

---

गर्मी के मौसम में आम की बढ़ती मांग के बीच हर क्रेट के साथ मिल रहे केमिकल पाउच

# केमिकल से पकाए जा रहे आम से लोगों की सेहत पर खतरा मंडरा रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

गर्मी के मौसम में आम की बढ़ती मांग के बीच बाजार में केमिकल से पकाए गए आमों की बिक्री धड़ल्ले से होने की शिकायतें सामने आ रही हैं।

जानकारों के अनुसार कई व्यापारियों द्वारा कच्चे आमों को कृत्रिम रूप से जल्दी पकाने के लिए रासायनिक पदार्थों का उपयोग किया जा रहा है, जिससे उपभोक्ताओं की सेहत पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है। बताया जाता है कि आम की प्रत्येक क्रेट के साथ चार से छह केमिकल पाउच दिए जा रहे हैं। इन रसायनों के प्रभाव से कच्चे आम कुछ ही घंटों में पीले होकर पके हुए दिखाई देने लगते हैं। हालांकि बाहरी रूप से आकर्षक दिखने वाले ये फल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि केमिकल से पकाए गए फलों के लगातार सेवन से पेट संबंधी समस्याएं, एलर्जी, उल्टी, दस्त, सिरदर्द तथा अन्य गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। इसके बावजूद बाजार में ऐसे आमों की बिक्री खुलेआम जारी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि




खाद्य सामग्री, फल-फ्रूट तथा फलों के रस की दुकानों पर नियमित जांच नहीं हो रही है। लोगों का कहना है कि मानव स्वास्थ्य से जुड़े इस गंभीर विषय पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को विशेष अभियान चलाकर जांच करनी चाहिए, ताकि मिलावटी और केमिकलयुक्त फलों की बिक्री पर रोक लगाई जा सके। नागरिकों ने मांग की है कि बाजार में बिक रहे आमों और अन्य फलों के नमूने लेकर उनकी जांच कराई जाए तथा दोषी पाए जाने वाले व्यापारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही लोगों को भी जागरुक किया जाए कि वह प्राकृतिक रूप से पके हुए फलों की पहचान कर सकें और अपने स्वास्थ्य को सुरक्षित रख सकें।

#### जनता का सवाल

बाजार में रोजाना बिक रही खाद्य सामग्री, फल-फ्रूट और फलों के रस की गुणवत्ता की निगरानी किस प्रकार की जा रही है? यदि केमिकलयुक्त फलों की बिक्री हो रही है तो संबंधित विभाग की ओर से प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं दिखाई दे रही? यह सवाल आम लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

---

न्यायालय के आदेश के बाद यह मामला फिर सुर्खियों में आ गया

# धनुषधारी मंदिर की करोड़ों की संपत्ति को कब्जाने का आरोप लगाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शहर के तालाबपुरा स्थित प्राचीन धनुषधारी मंदिर की करोड़ों रुपये मूल्य की संपत्ति को लेकर विवाद एक बार फिर चर्चा में है। मंदिर के पुजारी परिवार ने कुछ लोगों और एक समिति पर मंदिर की संपत्ति पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है। वहीं हाल ही में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) न्यायालय के आदेश के बाद यह मामला फिर सुर्खियों में आ गया है।

मंदिर से जुड़े गौरीशंकर चौबे उर्फ कल्लन ने बताया कि धनुषधारी मंदिर का निर्माण करने वाले बढ़ोनिया बाबा की कोई संतान नहीं थी। उनके अनुसार बाबा की सेवा और देखभाल उनके पूर्वजों द्वारा की जाती थी। इसी कारण वर्ष 1930 में मंदिर तथा उसकी देखरेख से संबंधित अधिकारों की वसीयत उनके पूर्वज श्रीलक्ष्मी नारायण चौबे के नाम कर दी गई थी। चौबे परिवार का दावा है कि पिछले लगभग 120 वर्षों से उनका परिवार मंदिर की सेवा, पूजा-पाठ और प्रबंधन करता आ रहा है। आरोप है कि मंदिर की बहुमूल्य संपत्ति पर नजर पडने के बाद कुछ लोगों ने एक समिति का गठन कर



मंदिर को अपने समाज का मंदिर बताना शुरू कर दिया। पुजारी महेश चौबे का आरोप है कि वर्ष 2024 में उनके साथ मारपीट कर उन्हें मंदिर परिसर से बाहर कर दिया गया और मंदिर के संचालन पर कब्जा कर लिया गया। पुजारी परिवार का यह भी आरोप है कि उस समय पुलिस प्रशासन ने उनकी शिकायतों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं की। परिवार का कहना है कि लगातार विवाद, उत्पीडऩ और अपमान के कारण महेश चौबे के पिता रामनारायण चौबे मानसिक रूप से आहत हुए और बाद में उनका निधन हो गया। परिवार इस पूरे घटनाक्रम को अपनी पीड़ा और संघर्ष का कारण बता रहा है। मामले में नया मोड़ तब आया जब मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय ने अपने आदेश में वसीयत को प्रथम दृष्टया वैध मानते हुए पुलिस की जांच आख्या पर भी सवाल उठाए। न्यायालय ने टिप्पणी की कि गहोई सेवा समिति का गठन सामाजिक और जनकल्याणकारी कार्यों के लिए किया गया था, न कि मंदिर के प्रबंधन अथवा स्वामित्व के लिए। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी समिति का पंजीकरण मात्र उसे मंदिर की संपत्ति पर स्वामित्व का अधिकार प्रदान नहीं करता। न्यायालय के आदेश के बाद मंदिर की संपत्ति और प्रबंधन को लेकर चल रहा विवाद एक बार फिर तेज हो गया है। अब सभी की निगाहें आगामी कानूनी कार्रवाई और प्रशासनिक निर्णयों पर टिकी हैं। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर मंदिर की वास्तविक स्थिति और अधिकारों को स्पष्ट किया जाना चाहिए, ताकि वर्षों से चले आ रहे विवाद का समाधान हो सके।

---

जिलाधिकारी से जांच की मांग

## राजघाट बांध की मत्स्य आखेट नीलामी में अनियमितता का आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

राजघाट बांध के डाउनस्ट्रीम क्षेत्र में मत्स्य आखेट (मछली पकडऩे) की नीलामी को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। स्थानीय मछुआरों एवं छोटे ठेकेदारों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर वर्ष 2026-27 की नीलामी प्रक्रिया में अनियमितताओं का आरोप लगाया है और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया है कि वर्ष 1999 से राजघाट बांध के डाउनस्ट्रीम क्षेत्र में मत्स्य आखेट की नीलामी प्रतिवर्ष विधिवत विज्ञप्ति जारी कर कराई जाती रही है। आरोप है कि वर्ष 2026-27 के लिए अब तक कोई सार्वजनिक विज्ञप्ति जारी नहीं की गई है, जबकि संबंधित क्षेत्र को कथित रूप से बिना नीलामी के ही शामिल कर लिया गया है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि इस प्रक्रिया में बेतवा रिवर बोर्ड के अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत होने की आशंका है। उनका आरोप है कि बिना पारदर्शी नीलामी के कार्य आवंटित किए जाने से छोटे ठेकेदारों और मछुआरों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। इससे उनके परिवारों के भरण-पोषण तथा बच्चों की शिक्षा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए तथा नियमों के अनुसार सार्वजनिक विज्ञप्ति जारी कर नीलामी प्रक्रिया संपन्न कराई जाए। ज्ञापन पर मोहसिन खान, मोनू राजा, विनय विश्वकर्मा आदि के हस्ताक्षर हैं।

#### मुख्य मांगें

मत्स्य आखेट नीलामी प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच। कथित अनियमितताओं की कानूनी जांच एवं कार्रवाई। सार्वजनिक विज्ञप्ति जारी कर नियमानुसार नीलामी कराई जाए। छोटे ठेकेदारों एवं मछुआरों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाए।

---

उपकरण पाकर दिव्यांगों चेहरे खिले

## 92 चयनित दिव्यांगों को कृत्रिम अंगों व उपकरणों का वितरण किया गया

**ललितपुर ।** अखिल भारतीय संस्था तरुण मित्र परिषद द्वारा अन्नपूर्णा सेवा संघ के तत्वावधान मे आयोजित विराट दिव्यांग कैम्प मे सहायक उपकरण पाकर दिव्यांगों के चेहरे खिल उठे । अन्नपूर्णा भोजनशाला मे आयोजित 64वां दिव्यांग कैम्प मे उपस्थित अपर जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र विक्रम जी के मुख्य आतिथ्य में तथा पूर्व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर एम सी गुप्ता की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें अपर जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र विक्रम जी ने कहा कि तरुण मित्र परिषद द्वारा एवं अन्नपूर्णा सेवा संघ के तत्वावधान मे जो यह कैंप आयोजित किया गया है जिसमें 92 दिव्यांग लोग लाभान्वित हुए निश्चित रूप से उन सभी का जीवन इन अंगों एवं उपकरणों को प्राप्त कर सवंर जाएगा तथा उनके जीवन शैली में सुधार आएगा ।

परिषद के संस्थापक व अध्यक्ष अशोक जैन ने बताया कि तरुण मित्र परिषद द्वारा समीर व शिल्पी सौंधी (यू. एस.ए.) के सहयोग से आयोजित इस 64वें दिव्यांग कैम्प में 92 दिव्यांगों को निशुल्क अंग एवं उपकरण वितरित किए गए जिसमे से दिव्यांगों को 24 कृत्रिम पैर, कृत्रिम हाथ 5, पोलियोकैलिपर्स 28, ऑर्थोशूज (जूते)7, स्टिक 10, वॉकर 5, बैसाखियां 2 व 11 श्रवणहीन बुजुर्गों को श्रवणयंत्र प्रदान किए गए। श्री जैन ने बताया कि परिषद द्वारा देश के अनेकों राज्यों मे दिव्यांग कैम्प कैम्प लगाए जा रहे हैं तथा अगला 65वां दिव्यांग कैम्प 5 व 18 जुलाई को जैन धर्म के 22वें तीर्थंकर भगवान नेमीनाथ के मोक्षकल्याणक दिवस पर गुजरात प्रांत के जूनागढ स्थित गिरनार पर्वत की तलेटी मे आयोजित किया जाएगा । तरुण मित्र परिषद के कैम्प संयोजक समकित जैन ने बताया कि जो दिव्यांगजन इस कैम्प में रह गए हैं उन्हें चिंता करने की आवश्यकता नहीं है अतिशीघ्र अन्य कैम्प फिर से आयोजित किया जाएगा।

संघ की पदाधिकारी परम शिरोमणि संरक्षक सुषमा भगवान दास साध ने बताया कि ये सभी उपकरण दिल्ली स्थित कार्यशाला में निर्मित कर वितरित किए गये जो की बहुत अच्छी क्वालिटी के बनाकर प्रदान किये गये । इस अवसर पर सुरेश बाबू जैन एडवोकेट अरविंद जैन अध्यक्ष नेत्र चिकित्सालय महेंद्र बड़घरिया मनमोहन जड़िया शिवनारायण नायक, सिंघ, संयोजक समकित जैन, सिंध बॉबी सरदार एवं कंचन सिंह ने अपने विचार व्यक्त किये तथा राजेंद्र जैन रवि जैन प्रमोद सक्सेना एडवोकेट आदर्श रावत स्वदेश अग्रवाल डब्बू ममता वर्मा रामशरण अग्रवाल सुशील भट्टाचार्य प्रदीप साहू अरविंद साध शशांक जैन एडवोकेट मानसी अग्रवाल अंश जैन संजय जैन जितेंद्र पथं रेशम राठौर अमित कुमार अशोक शर्मा ने अपना सहयोग प्रदान किया अंत में संस्था के संरक्षक बीके अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया।

---

चौकी प्रभारी को ज्ञापन सौंपा

## धर्मशाला व मंदिर मार्ग पर अतिक्रमण से लोग नाराज, हटाने की मांग की



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

विश्वकर्मा झा समाज के लोगों ने सोमवार को विश्वकर्मा झा समाज धर्मशाला के सामने तथा नाराहट-अमझरा मंदिर की मुख्य सड़क पर हुए अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर अमझरा-नाराहट चौकी प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि सड़क एवं सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण के कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है तथा श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समाज के प्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की कि धर्मशाला के सामने एवं मंदिर मार्ग पर किए गए अतिक्रमण को शीघ्र हटाकर मार्ग को सुगम बनाया जाए, जिससे लोगों को आवागमन में सुविधा मिल सके। चौकी प्रभारी ने ज्ञापन प्राप्त कर मामले को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने तथा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर महेंद्र झा, शिवशंकर विश्वकर्मा, अरविंद झा, हरिशंकर झा, शीतल प्रसाद विश्वकर्मा, सौरभ झा, राकेश झा, राजू झा, रामगोपाल झा, कमलकांत झा, सुनील कुमार झा, भगवानदास झा, अशोक झा, शिवम झा, रविंद्र झा, राजेश झा, अवध बिहारी झा, रामकुमार झा, रामकिशन झा, जगराम विश्वकर्मा, चंद्रेश झा, इंद्रपाल झा, गौरव झा, सहदेव झा, अजय झा, कल्लू झा, मंगल झा, प्रशांत नारायण झा, बृजेश झा, विश्वनाथ झा, आशाराम झा, महेश झा, अरुण झा, प्रकाश झा, बाबूलाल झा, सूरज झा, जगदीश झा, सुंदर झा, गेंदालाल झा, सतीश झा, पंकज झा, सोनू झा सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे।

---

मसौराकलां में चौपाल का आयोजन किया

## पात्रों तक हर योजना का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकताः मनोज पांडेय

**ललितपुर।** प्रदेश के खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति मंत्री मनोज कुमार पाण्डेय ने शनिवार को जनपद ललितपुर के विकास खंड जखौरा अंतर्गत ग्राम मसौराकलां में आयोजित लाभार्थी चौपाल में सहभागिता करते हुए केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा लाभार्थियों से सीधे संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाना है और राशन वितरण व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाया गया है।

कैबिनेट मंत्री के जनपद आगमन पर महर्रा टोल प्लाजा पर श्रम एवं सेवायोजन राज्य मंत्री मनोहरलाल पंथ, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन तथा भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं एवं बुके भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया। विभिन्न स्थानों पर भी ढोल-नगाड़ों के साथ उनका अभिनंदन किया गया। ग्राम मसौराकलां पहुंचने पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने पुष्पवर्षा कर मंत्री का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान ने मंत्री का स्वागत किया, जबकि मंचासीन जनप्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला पूर्ति अधिकारी उमेश चंद्र मिश्र ने जनपद में खाद्य एवं रसद विभाग की उपलब्धियों एवं योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की। इसके उपरांत मंत्री एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने 15 नवीन पात्र लाभार्थियों को राशन कार्ड वितरित किए। इनमें मसौराकलां, खिरियाछतारा, पटसेमरा, रजवारा एवं नगर क्षेत्र के लाभार्थी शामिल रहे। इसके अलावा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत पांच महिलाओं को निःशुल्क गैस कनेक्शन, गैस चूल्हा एवं अन्य आवश्यक उपकरण प्रदान किए गए। लाभार्थियों में कपासी, बालाबेहट, नाराहट एवं अन्य गांवों की महिलाएं शामिल रहीं। अपने संबोधन में मंत्री मनोज कुमार पाण्डेय ने कहा कि लाभार्थी चौपाल का उद्देश्य योजनाओं की वास्तविक स्थिति जानना और उन्हें अधिक प्रभावी एवं जनहितकारी बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कोरोना महामारी के समय से देश के 80 करोड़ लोगों को निशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे गरीब और जरूरतमंद परिवारों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि जब विश्व के कई विकसित देश कोरोना संकट से जूझ रहे थे, तब भारत सरकार ने गरीबों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए करोड़ों लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया।

---

नेहरू नगर स्थित शीतला माता मंदिर में भजन-कीर्तन

## भक्ति गीतों से मंदिर परिसर गुंजायमान हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

मोहल्ला नेहरू नगर स्थित अम्बेडकर तिराहा के पास श्रीशीतला माता मंदिर एवं हनुमान मंदिर परिसर में रविवार को धार्मिक आस्था और भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। महिलाओं द्वारा आयोजित भजन-कीर्तन कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भारी सहभागिता रही।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मां शीतला और देवी-देवताओं की महिमा का गुणगान करते हुए एक से बढ़कर एक भक्ति गीत एवं भजन प्रस्तुत किए। मधुर भजनों की स्वर लहरियों से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। उपस्थित



श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर भजनों का आनंद लेते रहे और माता रानी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। भजन-कीर्तन के समापन पर महिलाओं ने गाजे-बाजे के साथ विधिवत मां शीतला माता की आरती उतारी तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इसके उपरांत सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने धार्मिक आयोजन की सराहना करते हुए ऐसे कार्यक्रमों को सामाजिक एवं सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बताया।

---

श्री सिद्धपीठ चंडी मंदिर धाम पर बैठक में रूप रेखा तैयार की

## सावन में सवा पांच करोड़ पार्थिव शिवलिंग का निर्माण होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

श्री सिद्धपीठ चंडी मंदिर धाम पर एक आवश्यक बैठक का आयोजन चंडीपीठाधीश्वराचार्य महामंडलेश्वर चन्द्रेश्वर गिरीजी महाराज के सानिध्य में हुआ। जिसमें सावन मास में आयोजित होने वाले सवां पांच करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण की रूप रेखा तय की गयी।

इस दौरान महाराज जी ने कहा कि श्रावण मास में पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर पूजन करना अत्यंत फलदायी होती है। श्री सिद्धपीठ चंडी मंदिर धाम पर लगभग 16 वर्षो से निरंतर पार्थिव शिवलिंग निर्माण किया जा रहा है। कार्यक्रम में हर वर्ष सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर उनका पूजन करते है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की आराधना व भक्ति से मनुष्य की सभी कामनाओं की पूर्ति होती है। इसलिये सभी को श्रावण मास में पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर पूजन करना चाहिए। बैठक में हरिशंकर साहू को सवा पांच



करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण आयोजन का मुख्य यजमान बनाया गया। इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले, विजय जैन कल्लू, संदीप तिवारी, अनूप मोदी, राहुल शुक्ला, हदेश हुण्डैत टिंकल, अश्वनी पुरोहित, राजेश दुबे, शत्रुधन यादव, बाबा हीरानंदगिरी, विवेक जैन, राजवीर, दिनेश पाठक, सन्मति सर्राफ, रविन्द्र अलया, कल्पनीत सिंह, राजेन्द्र गुप्ता, संजीव जैन ममता स्पोर्ट, अमित संज्ञा, रामशंकर लिटौरिया, मनीष दुबे, संतोष साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, कल्पेश शाह, सुशील कुमार, राहुल साहू, शांतनु पुरोहित, अमित लखेरा, राकेश श्रीवास्त, रवि श्रीवास्तव, दिनेश संज्ञा, नवल किशोर सोनी, जगदीश नारायण कटोर, कपिल नामदेव, सोनू ताम्रकार, शिवम तिवारी, हर्ष चौबे, प्रदीप रिछारिया, कृष्णकांत सोनी, आलोक चतुर्वेदी, भगत सिंह राठौर, अमन त्रिपाठी, बंटी शर्मा, मनीष झां, दीपक यादव, चंचल राजा, यश गोस्वामी, मगनलाल सिरोठिया, महादेव श्रीवास्तव व गिरीश शर्मा आदि उपस्थित रहे। संचालन बृजमोहन संज्ञान ने किया।

### पार्षद ने जलभराव की समस्या से निजात दिलाने जनसुनवाई में लगाई गुहार

# बस्ती में भरा बारिश का पानी, निकालने पर थमा दिया ढाई लाख का बिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मैडम! वार्ड नं 09 में कॉलेज के पीछे वाली बस्ती में जल निकासी का प्रबंध नहीं है अगर जलनिकासी प्रबंध नहीं किया गया तो इस बस्ती में मानसून काल के दौरान लोग भयंकर परेशानी में आ जाएंगे. ऐसी स्थिति में शासन प्रशासन के मानसून पूर्व जल भराव की स्थिति से निपटने के निर्देश मखोल बनकर रह जाएंगे. इस बस्ती में बिगत वर्ष नगर पालिका ने जल निकासी के उद्देश्य से रोड काटकर नहर में पानी प्रवाहित कर वार्ड वासियों को जल भराव से मुक्ति दिलाई थी लेकिन इस काम के लिए जल संसाधन विभाग ने हमें ढाई लाख रुपये मेंटेनेंस का बिल थमा दिया ऐसी स्थिति में इस बस्ती में जल भराव की समस्या से कैसे निपटा जाएगा. यह बात वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद प्रतिनिधि राजू तोमर ने कलेक्टर शीला दाहिमा को जनसुनवाई में आवेदन सौंपते हुए बताई.

पार्षद प्रतिनिधि राजू तोमर द्वारा कलेक्टर को दिए आवेदन में उल्लेख किया है कि रेल्वे पटरी से वाईपास रोड के किनारे बने नाले की निकासी नहीं होने के कारण नहर के किनारे पर हमेशा जल भराव रहता है। वारिस होने पर कॉलेज के पीछे महाराणा प्रतापनगर, प्राची नगर, मधुवन नगर गुलमोहर कोलोनी सहित वाई 9 के आधे से अधिक हिस्से में पानी का भराव समस्या बनी रहती है. विगत बारिश में जलभराव का सामना करना पड़ा था वार्ड वासियों की मांग पर नगर पालिका ने जेसीबी से नहर कटवाकर पानी निकासी की गई थी पानी निकासी का यही एक मात्र विकल्प लेकिन इसके लिए सिंचाई विभाग के द्वारा वार्ड पार्षद एवं नगर पालिका पर कार्यवाही करते ढाई लाख रुपए का मेंटीनेस बिल भेज दिया है बिल अदायगी नहीं होने पर जेल भेजने की धमकी भी दी जा रही है. ऐसी स्थिति फिर से निर्मित न हो। इस गंभीर समस्या का स्थाई निराकरण सिंचाई विभाग के सहयोग से कराया जाए. अन्यथा मानसूनकाल के दौरान फिर बस्तीवासियो को जल भराव की स्थिति निर्मित हो जाएगी.




#### जनसुनवाई में नवाचार

कलेक्टर शीला दाहिमा ने जनसुनवाई में भीड़ कम करने के उद्देश्य से ऐप लॉन्च किया है जिसमें आवेदक दिए गए आवेदन की स्थिति खुद अपने मोबाइल पर देख सकेगा इससे उसे स्थिति जानने के लिए न तो दोबारा जनसुनवाई लगानी पड़ेगी न ही दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ेंगे. साथ ही जल्दी सुनवाई के लिए नवाचार करते हुए अलग-अलग कांउटर की व्यवस्था कराई गई है , जिसके तहत जनसुनवाई कक्ष के बाहर हॉल में पीएम किसान सम्मान निधि, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना, समग्र एवं आधार से संबंधित समस्याएं, पीएम आवास आदि से संबंधित मामलों के तत्काल निराकरण हेतु अलग-अलग कांउटर लगाये गये और मौके पर ही आवेदको को पात्रतानुसार लाभ प्रदान करने तथा उनके आवेदनों का तत्काल निराकरण करने की कार्यवाही की गई। इसके साथ ही योजनाओं में लाभ की स्थिति के संबंध में स्वीकृति के बारे में जानकारी प्रदान की गई

#### 343 ने सुनाई कलेक्टर को फरियाद

जनसुनवाई में कलेक्टर शीला दहीमा को बीते मंगलवार की तरह इस मंगलवार को भी बड़ी संख्या में लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर फरियाद सुनाई ज्ञात हो बीते सप्ताह भी जनसुनवाई में 340 आवेदन आए थे जो जनसुनवाई में अभी तक आने वाले अधिकतम आवेदनों के हिसाब से एक रिकॉर्ड था लेकिन अब बीते सप्ताह से भी तीन आवेदन और अधिक यानि 343 आवेदन आ गए हैं सो बीते मंगलवार का भी रिकॉर्ड टूट गया है. दिन भर चली इस जनसुनवाई में कलेक्टर और अफसर लोगों की समस्याएं सुनते-सुनते खुद परेशान दिखाई पड़ रहे थे. कलेक्टर को भी यह बात समझ नहीं आ रही है कि जब लोगों को उनके काम बिना किसी परेशानी के समय सीमा में करने के निर्देश है तो फिर जनसुनवाई में काम नहीं होने की शिकायत लेकर लोग क्यों आ रहे हैं ज्ञात हो कि विगत जनसुनवाई में भ्रामक आवेदन देने पर कलेक्टर शीला दाहिमा ने जांच के निर्देश दिए थे जांच में शिकायत झूठी मिलने के बाद उक्त व्यक्ति पर प्रशासन को गुमराह करने शासन की योजनाओं को बदनाम करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए थे हालांकि उक्त युवक ने अपना अपराध डिप्टी कलेक्टर संजय जैन के नेतृत्व में गठित टीम के सामने स्वीकार कर लिया है लेकिन पुलिस ने उसके खिलाफ अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं की है वह भी एक चर्चा का विषय बना हुआ है

### आदेश का उल्लंघन करने पर होगी कार्रवाई

# धरना, प्रदर्शन, जुलूस पर रोक, 48 घंटे पूर्व लेनी होगी अनुमति, कलेक्टर ने जारी किया आदेश




हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर शीला दाहिमा ने जिले में किसी भी प्रकार के प्रदर्शन, धरना, जुलूस पर रोक लगाने का आदेश जारी कर दिया है। अब कोई भी व्यक्ति, संगठन, संघ आदि यदि धरना प्रदर्शन, जुलूस, रैली आयोजित करना चाहते है,तो इसके लिए उन्हें एसडीएम से अनुमति प्राप्त करनी होगी।

कलेक्टर द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अंतर्गत जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुसार किसी भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के समूह द्वारा भले ही वह अनुज्ञप्तिधारी हो, किसी भी प्रकार का विस्फोटक पदार्थ अन्य अस्त्र-शस्त्र, आग्नेस्त्र, लाठी, डण्डा, भाला, बरछी, फरसा, कुल्हाड़ी, तीर-धनुष एवं धारदार हथियार लेकर किसी भी सार्वजनिक स्थान, आम सड़क, रास्ता सार्वजनिक सभा एवं अन्य स्थानों पर साथ लेकर नहीं चलेगा व सशस्त्र जुलूस में भाग नहीं लेगा और न ही किसी को प्रेरित करेगा।

इसके साथ ही जिला कार्यालय कलेक्ट्रेट श्योपुर परिसर के 100 मीटर को परिधि में प्रवेश नहीं करेगा। ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मी, सुरक्षाकर्मी इस प्रतिबंधात्मक आदेश के प्रभाव से मुक्त रहेंगे। किसी भी प्रकार का धरना, जुलूस सभा अथवा रैली के प्रदर्शन के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी से विधिवत अनुमति लिए बगैर नहीं किया जावेगा। आदेश के तहत कलेक्टर एवं संयुक्त जिला कार्यालय परिसर श्योपुर तथा उसके चारों और 100 मीटर की परिधि को धरना-प्रदर्शन, रैली, जुलूस, सभा नारेबाजी, ध्वनि-विस्तारक यंत्र के उपयोग हेतु प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया किया गया है। उक्त क्षेत्र में बिना पूर्व अनुमति किसी भी प्रकार का धरना, प्रदर्शन, जुलूस, सभा नारेबाजी या ज्ञापन-संग्रह नही किया जाएगा। प्रतिबंधित क्षेत्र में 05 से अधिक व्यक्तियों का समूह एकत्र नही होगा। कोई भी व्यक्ति, संगठन या संघ यदि धरना, प्रदर्शन या रैली आयोजित करना चाहता है तो उसे कम से कम 48 घंटे पूर्व जिला प्रशासन को लिखित आवेदन प्रस्तुत करना होगा, और आवेदन में आयोजन का उद्देश्य, समय, स्थान संभावित उपस्थित जनसंख्या एवं सुरक्षा का उल्लेख करना आवश्यक होगा, तथा प्रशासन द्वारा निर्धारित नियत स्थल पर ही अनुमति दी जाएगी। किसी भी व्यक्ति को प्रतिबंधित क्षेत्र में अस्त्र शस्त्र विस्फोटक पदार्थ या किसी भी प्रकार का घातक सामान लेकर प्रवेश करने की अनुमति नही होगी। आदेश के उल्लंघन की स्थिति में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।

#### सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट, कमेंट और शेयर पर करने पर भी होगी कार्रवाई

कलेक्टर द्वारा पूर्व में जारी प्रतिबंधात्मक आदेश की समयावधि समाप्त होने पर गत 8 जून को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। यह आदेश अगले दो माह तक प्रभावशील रहेगा। जिला दण्डाधिकारी शीला दाहिमा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, एक्स आदि पर आपत्तिजनक पोस्ट, फोटो, वीडियो, कमेंट, शेयर या लाइक करने से विभिन्न वर्गों में तनाव और कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने की संभावना बनी रहती है। कानून-व्यवस्था एवं सामाजिक सद्भाव बनाए रखने हेतु ऐसे सभी प्रकार की गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है। किसी भी जाति, समुदाय या धर्म के प्रति अपमानजनक टिप्पणी, सांप्रदायिक संदेश, अश्लील भाषा या आपत्तिजनक अभिव्यक्ति पोस्ट करने, फॉरवर्ड करने या उन पर प्रतिक्रिया देने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आदेश के उल्लंघन की स्थिति में दोषियों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 223 सहित संबंधित सायबर विधियों के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### ग्राम भारती जिला समिति की साधारण सभा बैठक आयोजित

# सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम बढाएं: पाठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।



सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय शिक्षा का वो केंद्र है, जहाँ ज्ञान के साथ-साथ संस्कारों का भी संचार होता है। यहाँ विद्यार्थी केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, देशभक्ति और जीवन मूल्यों की शिक्षा भी प्राप्त करते हैं। सभी जिला समिति सदस्य जिले में सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों की संख्या बढाने के साथ साथ वर्तमान में जो विद्यालय संचालित हो रहे है,उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में समाज का सहयोग लेकर अपने कदम आगे बढाए।

यह बात ग्राम भारती मध्यभारत प्रांत के प्रांत प्रमुख चंद्रहंस पाठक ने कही। वे मंगलवार को श्योपुर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय में आयोजित ग्राम भारती जिला समिति श्योपुर की जिला स्तरीय साधारण सभा बैठक को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर ग्राम भारती के प्रांतीय सचिव वीरेन्द्र सेंगर, सरस्वती विद्यापीठ आवासीय विद्यालय शिवपुरी के सह प्रबंधक जीतेन्द्र परसाई विशेष रूप से मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता ग्राम भारती जिला समिति श्योपुर के अध्यक्ष रामलखन मीणा ने की। साधारण सभा की शुरूआत विधिवत सरस्वती माता की पूजा और वंदना के साथ हुई। इसके बाद समिति सदस्य सुधाकर पचौरी तथा गणेश पाराशर ने उपस्थिति अतिथियों का स्वागत किया। बैठक में ग्राम भारती जिला प्रमुख सोबरन सिंह तोमर ने बैठक के दौरान गत वर्ष की हाथ में लिए गए लक्ष्य और उसकी पूर्ति का विवरण,आय व्यय पत्रक, प्रगति प्रतिवेदन, बजट अनुमोदन, धारा 27 की जानकारी के लिए समिति सचिव को अधिकृत करने, सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों की संख्या बढाने आदि विषयो को लेकर चर्चा कर निर्णय लिए गए। बैठक के दौरान सभी समिति सदस्य मौजूद थे।

### जब-जब धरती पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान अवतरित होकर धर्म की स्थापना करते हैं



श्योपुर। रघुनाथपुर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन कथा व्यास परम पूज्य श्री संकादिक महाराज ने अपने मधुर और ओजस्वी प्रवचनों से उपस्थित श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य बाल लीलाओं का रसपान कराया। महाराज श्री ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन करते हुए बताया कि जब-जब धरती पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान विभिन्न रूपों में अवतरित होकर धर्म की स्थापना करते हैं। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और पूरे पांडाल में "नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की" के जयघोष गूंज उठे। कथा के दौरान भगवान की बाल लीलाओं का सुंदर वर्णन किया गया। माखन चोरी, ग्वाल-बालों के साथ खेलना तथा माता यशोदा के वात्सल्य प्रेम की झलकियों ने श्रोताओं को वृंदावन की पावन गलियों का स्मरण करा दिया। महाराज श्री ने बताया कि भगवान की प्रत्येक लीला में मानव जीवन के लिए गहरा संदेश छिपा हुआ है। इसके पश्चात भगवान श्रीकृष्ण की गोवर्धन लीला का विस्तृत वर्णन किया गया। महाराज श्री ने बताया कि किस प्रकार भगवान ने इंद्र के अहंकार का नाश करने के लिए अपनी कनिष्ठा अंगुली पर गोवर्धन पर्वत धारण कर समस्त ब्रजवासियों की रक्षा की। इस प्रसंग से उन्होंने संदेश दिया कि सच्ची श्रद्धा और विश्वास रखने वालों की रक्षा स्वयं भगवान करते हैं।

#### 8 लोगों को भूमि पर कब्जा दिलाने की कार्रवाई

श्योपुर। श्योपुर तहसील अंतर्गत 7 व्यक्तियों को तथा वीरपुर तहसील अंतर्गत मोगिया समुदाय की महिला को भूमि पर कब्जा दिलाने की कार्यवाही की गई है। एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा ने बताया कि ग्राम ढोढर में गंगाराम पुत्र किस्सली आदिवासी, देवीलाल पुत्र इंदु सहरिया निवासी तिल्लीडेरा सहराना बगदिया, नेपाल पुत्र भुल्लन सहरिया निवासी ढोढर तथा ग्राम क्यारपुरा में जगन पुत्र मथुरिया सहरिया निवासी सेमल्दा, जानकी पत्नि रामसुखा सहरिया निवासी गिलास,रामप्यारी पत्नि काशीराम सहरिया निवासी गिलास, रामसिंह पुत्र कस्तूरा सहरिया को उनकी भूमि पर कब्जा प्रदाय किया गया है। एसडीएम विजयपुर अभिषेक मिश्रा ने बताया कि तहसील वीरपुर अंतर्गत केलमति बेवा स्व. रंजीता मोगिया निवासी श्यामपुर को कुल किता 2 कुल रकबा 1.150 हेक्टयर भूमि का सीमांकन कर कब्जा दिलाने की कार्यवाही की गई है।

# बडौदा कॉलेज में निबंध प्रतियोगिता आयोजित, हरीश ने पाया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरक्षण पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय महाविद्यालय बड़ौदा में निबंध लेखन एवं स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तथा मानव श्रृंखला बनाकर जल संरक्षण की शपथ की शपथ ली गई।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ संजय सिंह चौहान द्वारा विद्यार्थियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई, साथ ही जल के महत्व पर विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में हरीश प्रजापति ने प्रथम, करिश्मा नागर एवं चन्दा सुमन ने संयुक्त रूप से द्वितीय तथा शिवानी सुमन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### सोना लॉज के पीछे नाले में उतर कर करनी पड़ रही है सफाई

# अतिक्रमण से घिरे नालों के भीतर सफाई में सफाईकर्मियों को आ रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



कलेक्टर शीला दाहिमा के निर्देश पर जल भराव की स्थिति से शहरवासियों को बचाने के उद्देश्य से मानसून पूर्व सभी छोटे बड़े नालों की सफाई के दिए गए निर्देश के क्रम में नगर पालिका परिषद युद्ध स्तर पर नालों की सफाई करा रही है। लेकिन इस काम में सफाई कर्मियों को नालों पर अतिक्रमण होने के कारण सफाई करने में परेशानी आ रही है, इसका नजारा मंगलवार को तब देखने को मिला जब सोना लोज के पीछे वाले नाले को साफ करने नगर पालिका के सफाई कर्मी पहुंचे अतिक्रमण के कारण इस जगह पर जेसीबी मशीन नहीं पहुंची जिसके कारण पानी से भरे इस नाले में सफाई कर्मियों को कूद कर फावड़ा चलाकर कचरा निकालना पड़ा।

शहर में कई नाले ऐसे भी हैं जो अतिक्रमण की जद में आ रहे हैं. जिनके कारण नगर पालिका को सफाई करने में परेशानी आती है. शहर का मुख्य और पुराना नाला जय स्तंभ से गांधी पार्क के बीच सोना लॉज के पीछे से होता हुआ पुल दरवाजा पर निकलता है जहां मछली मार्केट और श्मशान के पीछे से होता हुआ नाले का पानी बंजारा डैम में प्रवाहित होता है इस नाले को सफाई करने के लिए पहले सफाई कर्मचारियों को गांधी चौक के बीच बनी दुकानों के अतिक्रमण हटाकर नाला सफाई करनी होती है नाले ढ़कान को हटाने के बाद जेसीबी यहां पर सफाई कर वापस ढक दिया जाता है लेकिन सोना लॉज के पीछे नाले में जेसीबी जाने का रास्ता नहीं है जिससे सफाई कर्मचारियों को यहां खुद नाले में उतरकर सफाई करना पड़ रही है उधर टोड़ी गणेश बाजार में अतिक्रमण के कारण नाले दुकानों के नीचे आ जाने से भी नालो की नियमित रूप से सफाई नहीं होती है लेकिन मानसून पूर्व तला झाड़ सफाई के मिले निर्देश के क्रम में नगर पालिका को अतिक्रमण हटाकर सफाई करनी पड़ रही है इस दौरान कई नेतागिरी करने वाले दुकानदार सफाई कर्मचारियों को अपनी दुकानों के आगे नालों पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने देने में को तैयार नहीं होते हैं और उनके प्रभाव परिषद में अधिक होने से सफाई कर्मचारी भी मन मार कर आगे बढ़ जाते हैं जिसका नतीजा यह हो रहा है कि आए दिन गणेश मंदिर के सामने से पुल दरवाजा तक नाला चौक होने की समस्या लगातार देखने को मिल रही है।

#### इनका कहना..

शहर के कई नाले ऐसे भी है जहां जेसीबी नहीं जा पाती है वहां पर कर्मचारियों को नालों में उतरकर खुद सफाई करना पड़ती है ऐसे नालों की सफाई बहुत मुश्किल काम है. बाजार में नालों के ऊपर अतिक्रमण भी समस्या है लेकिन हम अतिक्रमण हटाकर भी नाले साफ कर रहे हैं.

**सत्यभानु जाटव**
**हेल्थ ऑफिसर नपा**

### फाल्ट आने के कारण रात डेढ़ बजे के बाद बहाल हो सकी लाइट

# रात को 6 घंटे तक गुल रही आधे शहर की बिजली, गर्मी में करवट बदलते रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बीती रात आधे शहर की बिजली रात करीब डेढ बजे तक गुल बनी रही जिसके चलते लोग गर्मी में बेहाल होकर बिजली कंपनी के अधिकारियों कर्मचारियों के साथ-साथ पत्रकारों को भी फोन लगाकर बिजली आने की जानकारी लेते रहे. उधर बिजली कंपनी के अधिकारियों ने अपने मोबाइल बंद कर लिए जिसके चलते लोगों को यह जानकारी भी नहीं मिल सकी की बिजली कब आएगी. अलबत्ता बिजली कंपनी की हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करने वालों को यह जानकारी जरूर मिलती रही की 33 केवी पर फाल्ट आ जाने के कारण बिजली व्यवस्था बाधित हुई है जो शीघ्र चालू हो जाएगी.

सोमवार की शाम करीब 7:30 बजे 33 केवी पर से अचानक बिजली आपूर्ति बंद हो गई जिससे शहर के पाली रोड, सलापुरा, से पटेल चौक बड़ौदा रोड पुल दरवाजा, बड़ा इमामबाड़ा, कंडेल बाजार ब्राह्मण पाड़ा, मेन मार्केट सहित आधे से अधिक शहर की बिजली बंद हो गई सिर्फ बालापुरा मेवाती मोहल्ला किला बस्ती की बिजली चालू थी बिजली नहीं होने से लोग गर्मी के कारण परेशान हो गए अधिकतर लोग सड़कों पर आ गए और गर्मी से निजात पाने का जतन करते रहे इस दौरान बिजली कंपनी के अधिकारियों को फोन लगाकर जानकारी लेनी चाहिए तो जिनके मोबाइल चालू थे उन्होंने फोन उठाने बंद कर दिए और कुछ ने अपने मोबाइल ही बंद कर लिए जिससे बिजली कब आएगी इसकी जानकारी नहीं मिल पा रही थी रात 1:30 बजे के बाद बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली पर प्रश्न है उठ रहा है कि अचानक आधे से अधिक शहर की बिजली इतनी देर तक गुल कैसे गुल रही.



#### कलेक्ट्रेट पहुंचे हनुमानखेडा के ग्रामीण,बोले आखिर कब तक झेलेगे बिजली समस्या

आदिवासी विकासखंड कराहल के ग्राम हनुमानखेड़ा-हीरापुर की आदिवासी बस्ती के महिला पुरूषो ने बिजली की समस्या को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर संजय जैन को सौपा और कहा कि हमारी बस्ती में छाया बिजली का गंभीर संकट कब दूर होगा। इस समस्या को हम कब तक झेलेगे। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक गर्ग के नेतृत्व में ज्ञापन सौपने वाले ग्रामीणो ने बताया कि हनुमानखेड़ा में दो मोहल्ले हैं। इनमें से एक मोहल्ले में थ्री-फेज लाइन के सहारे बिजली की व्यवस्था की गई है, लेकिन दूसरे मोहल्ले में आज तक आबादी क्षेत्र के लिए ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया है। इस कारण दूसरे मोहल्ले में मौजूद लगभग 250 से 300 घरो के लोग लंबे समय से बिजली संकट से परेशान बने हुए है। इस कारण इस बस्ती में पानी की समस्या भी गंभीर होती जा रही है। स्थिति यह है कि ग्रामीणों को पानी भरने के लिए निजी खेतों में लगे बोरवेलों पर निर्भर रहना पड़ता है। इससे महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को विशेष रूप से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रात के समय पूरे क्षेत्र में अंधेरा छाया रहता है, जिससे सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ गई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार अधिकारियों को समस्या से अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ज्ञापन लेने के दौरान डिप्टी कलेक्टर संजय जैन ने ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देने का आश्वासन दिया।

#### महाप्रबंधक के ट्रांसफर से जोड़ा परेशानी को

आधी रात से भी अधिक समय तक बिजली गुल रहने को कई लोगों ने बिजली कंपनी के महा प्रबंधक एलएन पाटीदार के अचानक हुए ट्रांसफर से जोड़कर भी देखा. सोशल मीडिया पर ऐसी पोस्ट डालने वालों की भी कमी नहीं थी जो यह जतलाना चाह रहे थे कि बिजली कंपनी के महाप्रबंधक का ट्रांसफर हो जाने से नाराज होकर बिजली कंपनी वालों ने जानबूझकर अंधेरा कर दिया है. हालांकि इस बात में सच्चाई होना हास्यास्पद लगता है लेकिन बिजली कंपनी के द्वारा जो 33 केवी पर फाल्ट आने और स्टेडियम के पीछे तार टूटने की जो बात कहीं जा रही थी उसे ठीक करने में 6 घंटे से भी अधिक समय लग जाने से लोगों के मन में यह शक जरुर हुआ कि इसमें कहीं ना कहीं बिजली कंपनी के लापरवाही और षड्यंत्र का भी है।

#### सिटी एई ने नहीं उठाया फोन, जीएम बोले बिल्ली कूदने से आया फाल्ट

सोमवार को अचानक देर रात आधे से ज्यादा शहर की बिजली गुल रहने का कारण जानने के लिए पहले बिजली कंपनी के श्योपुर सिटी एई को उनके सरकारी मोबाइन नंबर पर कॉल किया,लेकिन उन्होने कॉल रिसीव नहीं किया। इसके बाद बिजली कंपनी के जीएम एलएन पाटीदार ने इस संबंध में पूछने पर बताया कि रात्रि के दौरान पॉवर ट्रासफार्मर पर बिल्ली कूद गई थी, जिस कारण बडा फाल्ट आ गया। जिसे दुरूस्त करने में थोडा वक्त लग गया, लेकिन इस फाल्ट को ठीक करने के लिए हमारा अधिनस्थ अमला पूरी तरह गंभीर होकर काम में जुटा रहा।

#### 20 तक 25 करोड़ सीसीएल वितरण का लक्ष्य



श्योपुर। जिला पंचायत सभागार में एनआरएलएम अंतर्गत संचालित स्वसहायता समूहों को सीसीएल वितरण (बैंक लिंकेज) के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला परियोजना प्रबंधक सोहनकृष्ण मुदगल, मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक के रीजनल मैनेजर पदम जैन सहित एमपीजीबी बैंक के शाखा प्रबंधक कराहल, सलापुरा, सोईकलां, इकलोद, बड़ोदा, वीरपुर, विजयपुर तथा एनआरएलएम के अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में एनआरएलएम अंतर्गत संचालित स्वसहायता समूहों को 25 करोड रूपये की सीसीएल राशि वितरण के लक्ष्य पर विस्तार से चर्चा की गई तथा निर्देश दिये गये कि समूहों की ग्रेडिंग अनुसार एमपीजीबी की बैंक शाखाओं के प्रकरण तैयार कर लगाये जायें तथा सभी शाखा प्रबंधक द्वारा उक्त लक्ष्य के अनुसार 20 जून तक सीसीएल राशि वितरण किया जाना सुनिश्चित किया जायें। इस दौरान रीजनल मैनेजर पदम जैन ने सभी शाखा प्रबंधको को निर्देश दिये कि सभी पात्र समूहों को ग्रेडिंग अनुसार परीक्षण कर शाखा वार आंवटित लक्ष्य के अनुरूप सीसीएल ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जायें।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं, जिले की पिपरई पुलिस ने जितेन्द्र यादव निवासी अमरोद के पास से 28 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। पिपरई पुलिस ने ही अमरोद निवासी जगदीश यादव के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत पुलिस ने ग्यारसा अहिरवार निवासी सेमरी जुम्मन के पास से 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### चोर सोने, चांदी के जेवर चोरी कर ले गए

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम बडेरा निवासी मोहन नरबरिया के यहां से अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गए, पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। चोरी हुए जेवरों की कीमत डेढ लाख से अधिक है।

### युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत सोनसिंह आदिवासी उम्र 21 साल निवासी रामनगर किर्रोला ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिरसी पछार निवासी दिलीप कलावत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जीवन और काशीराम अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से जीवन अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दिलीप,धर्मेन्द्र और अमर सिंह कलावत ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गोरा निवासी बलवीर रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी देवेन्द्र, चन्द्रप्रकाश और सौरभ रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम परासरी निवासी राजेश जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बालूराम, राजेन्द्र और अर्जुन जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से राजेन्द्र जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सतेन्द्र जनक और मंगू जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पठारी निवासी मुगिया बाई आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मनकोबाई आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### पिंकी जाटव बनी लखपति दीदी

**अशोकनगर।** विकासखण्ड अशोकनगर की ग्राम पंचायत आंवरी की पिंकी जाटव राधे स्व सहायता समूह से जुडकर लखपति दीदी बन गई है। पहले अपने परिवार के साथ एक घरेलू महिला की तरह ही जीवन व्यतीत करने वाली पिंकी जाटव ने समूह के जरिए अपनी आजीविका गतिविधि को सुदृढ किया और उचित मार्गदर्शन, प्रशिक्षण व प्रेरणा से तरक्की एवं खुशहाली की और अग्रसर हुई। ग्राम आंवरी में आजीविका मिशन के द्वारा स्व सहायता समूहों के गठन का कार्य तो सन 2017 में हो ही गया था। लेकिन दीदी की उसी समय शादी हुई तो वह उस समय तो समूह में नहीं जुडी लेकिन अपने आस-पडोस की दीदीयों से समूह की जानकारी ली और स्वय कुछ करने की जिज्ञासा से पहले तो दीदी ने आरसेटी अशोकनगर से सिलाई कार्य का एक माह का प्रशिक्षण लिया फिर समूह से जुडकर मिशन की जानकारी, योजनाओं का समझा और बचत करना आरम्भ किया इसके बाद समूह में ही जेण्डर सीआरपी की जगह पर काम किया। आज पिंकी जाटव सीआरपी और बैंक सखी एवं बचे हुये समय में सिलाई का कार्य कर रही है। जिससे उनकी मासिक आय 14 से 16 हजार रुपए की हो गई है। अब दीदी गांव की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा स्त्रोत बन गई है।

### 100 से अधिक ने किया आवेदन, वीसी से फील्ड ऑफिसर पटेल ने सुनीं समस्याएं

# मछुआ कल्याण विभाग और निषाद समाज बैठक में जुटे सैकड़ों मांझी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

निषादवंशी माझी समाज के आर्थिक और सामाजिक उत्थान के लिए सोमवार को छोटी बजरिया स्थित शिव मंदिर परिसर में मछुआरा शिविर व बैठक का आयोजन किया गया। दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चली इस बैठक में 100 से अधिक मछुआरा भाइयों ने केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए उत्साहपूर्वक आवेदन किए।



मछुआ कल्याण विभाग सागर के फील्ड अधिकारी बीआर पटेल ने वीडियो कॉल के माध्यम से बैठक में उपस्थित सभी पात्र मछुआरा भाइयों से सीधे संवाद किया। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं की बिंदुवार जानकारी दी। साथ ही मछुआरों ने धरातल पर आ रही अपनी-अपनी व्यावहारिक परेशानियां अधिकारी के सामने रखीं, जिस पर फील्ड अधिकारी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से उनके त्वरित और स्थाई हल करने का ठोस आश्वासन दिया।

मछुआ कल्याण शिवपुरी में लगेगा बड़े स्तर का सरकारी कैंप- बैठक में फील्ड अधिकारी बीआर पटेल एवं विभागीय प्रतिनिधियों द्वारा समाज से वादा किया गया कि इस क्षेत्र के मछुआरों को सरकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने के लिए विभाग पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसके लिए वरिष्ठ अधिकारियों से निरंतर चर्चा जारी है। बहुत जल्द ही मछुआ कल्याण शिवपुरी में बड़े स्तर पर एक भव्य शासकीय शिविर (कैंप) का आयोजन किया जाएगा, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे।

एकजुटता से ही संभव है समाज का विकास- मछुआ कल्याण विभाग सागर समिति के सदस्य निर्मल रैकवार ने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए सभी सरकारी योजनाओं को विस्तार से समझाया। उन्होंने समाज की एकजुटता पर विशेष बल देते हुए कहा यदि हमें अपने अधिकारों को पाना है और समाज को मुख्यधारा में लाना है, तो हम सभी निषादवंशी माझी भाइयों को अपनी राजनीतिक और सामाजिक ताकत दिखानी होगी। सभी को एकजुट होकर एक ही मंच पर आना होगा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से परमानंद रैकवार, मोहनलाल रैकवार, राकेश रैकवार, बसंत रैकवार, दीपक रैकवार, सुरेंद्र रैकवार, बाबू प्रेम नारायण रैकवार, गोपाल रैकवार, हरिशंकर रैकवार, सुंदर रैकवार और जर्मनी रैकवार सहित सैकड़ों की संख्या में समाज जन और मछुआरा भाई उपस्थित रहे।

### 4 सूत्रीय मांगों को लेकर परमार्थ सेवा

# हमारी रोड वापस दो, खुदाई कर जो गड्ढा बनाया उसको भरा जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना



मांग उल्टी है लेकिन जायज है, हमारी रोड वापस दो। मांग को लेकर परमार्थ सेवा संगठन के सेवा मित्रों ने जनसुनवाई कार्यक्रम में एसडीएम को ज्ञापन देते हुए मांग रखी। गौरतलब है कि खिमलासा रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य के चलते रेलवे गेट बंद कर दिया गया है। वहीं खेत में से बनाया गया अस्थाई मार्ग सोमवार को हुई बारिश से कीचड़ में सन गया। जिस कारण कीचड़ में वाहन फंस रहे और लोगों को पैदल निकलने में भी परेशानी होती रही।

समाजसेवी उमेश शर्मा ने बताया कि एसडीएम को 4 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। जिसमें पहली मांग है कि ब्रिज निर्माण एजेंसी ने हमारी जो रोड ओवर ब्रिज पिलर से पेट्रोल पंप तक स्लोप बनाने के लिए खोद दी गई है उसको शीघ्र भरवाकर रोड वापस दी जाए ताकि आवागमन सरलता से हो सके। पूर्व प्राचार्य आरके जैन ने कि बताया कि बरदौरा पुल से होकर निकलने वाली रोड का मरम्मत कार्य शीघ्र करें, तथा ट्रैक्टर ट्राली और बड़े वाहनों को यहां से निकलवाने के लिए प्रशासन कार्य करें। प्रमोद राय ने बताया कि साई धाम कालोनी की रोड पर जो अंडर ब्रिज है, उसमें बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे लोगों को आने-जाने में तकलीफ हो रही है, बाइक गिर रही है। सेवानिवृत्त शिक्षक साई धाम कॉलोनी निवासी उदल सिंह यादव ने बताया कि पानी गिरने के बाद यहां से आवागमन बंद हो जाता है। अभी जो वैकल्पिक मार्ग खेत में से बनाया गया है, उस मार्ग को सीसी रोड करके ठेकेदार को देना चाहिए। एडवोकेट श्याम लाल पटेल ने कहा कि अंबेडकर तिराहे पर जो सड़क पर खुदाई की गई है। बारिश के पानी से किनार वाली मिट्टी गिरने लगी है। मिट्टी गिरने से कोई बड़ा हादसा हो सकता है। एडवोकेट अभिषेक राय ने बताया कि ब्रिज निर्माण एजेंसी ठेकेदार के खिलाफ अनियमितताओं के चलते एफआईआर होना चाहिए। जनता रेलवे लाईन के इस पार से उस पार जाने के लिए बहुत परेशान हो रही है। यदि प्रशासन चाहे तो रेलवे गेट भी खुलवा सकता है। जिससे छोटे-छोटे वाहन आसानी से रोड क्रॉस कर सकेंगे।

### आरोपी दो चोरी की घटना कर चुका

# तलवार सहित शातिर बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**अशोकनगर।** थाना कोतवाली द्वारा एक शातिर एवं आदतन अपराधी को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार कर सफलता प्राप्त की गई है। पूछताछ में शहर की दो चोरी की घटनाओं का खुलासा किया है, आरोपी के विरूद्ध कई गंभीर अपराध पूर्व से है दर्ज हैं।

उल्लेखनीय है कि थाना प्रभारी कोतवाली को सूचना प्राप्त हुई थी कि एक व्यक्ति मंदसौर मील क्षेत्र में मोटरसाइकिल पर तलवार लेकर किसी गंभीर अपराध को अंजाम देने की नियत से घूम रहा है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना कोतवाली की टीम द्वारा मंदसौर मील क्षेत्र में घेराबंदी की गई। पुलिस को देखकर संदिग्ध व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा, जिसे सतर्कता एवं तत्परता से पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उसकी मोटर साइकिल में एक धारदार तलवार छिपी हुई मिली, जिसे विधिवत जप्त किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम जीतू पुत्र नीतू पारदी, निवासी गढ़ला, हाल हड्डी मील गुना का बताया। आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर थाना कोतवाली लाया गया तथा उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि वह अपने साथियों के साथ अशोकनगर में चोरी की वारदातों को अंजाम देने की योजना बना रहा था। आरोपी ने लगभग 25 दिन पूर्व दुर्गा कॉलोनी अशोकनगर में तथा दिनांक 24, 25 मई की रात्रि जेल के सामने स्थित एक सूने मकान में अपने साथियों राजवीर पारदी, विक्की पारदी, दादी पारदी, भगत पारदी एवं अन्य साथियों के साथ मिलकर सोने-चांदी के आभूषण एवं नगदी चोरी करना स्वीकार किया है। आरोपी से पूछताछ के आधार पर उक्त चोरी की घटनाओं के संबंध में महत्वपूर्ण सुराग प्राप्त हुए हैं तथा अन्य आरोपियों की तलाश एवं आगे की विवेचना जारी है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है, जिससे अन्य वारदातों के संबंध में भी खुलासे होने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि आरोपी जीतू पारदी एक आदतन एवं शातिर अपराधी है, जिसके विरुद्ध हत्या, बलात्कार, चोरी, मारपीट सहित अनेक अपराध अशोकनगर, गुना एवं विदिशा जिलों में पूर्व से पंजीबद्ध हैं। हाल ही में विदिशा में एक चोरी के प्रकरण में जेल से रिहा हुआ था।एसपी अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में अशोकनगर पुलिस आमजन की सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु लगातार प्रभावी कार्रवाई कर रही है।

# अपनी मांगों का अधिवक्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**बीना।** अधिवक्ताओं ने खिमलासा रोड पर बनाए गए वैकल्पिक मार्ग पर डामरीकरण कराने एवं पानी निकासी की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से अधिवक्ताओं ने मांग रखी कि 8 जून को दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक अत्याधिक बारिश होने के कारण वैकल्पिक मार्ग जो कि सिंघई के खेत में बनाया गया था। जो बारिश के कारण कीचड़ में तब्दील हो गया है। जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हुई है।



वैकल्पिक मार्ग तहसील एवं न्यायालय के लिए मुख्य मार्ग है। अधिवक्ता एवं पक्षकारगण रोज अपने आवश्यक कार्य के लिए घर से तहसील व कोर्ट के लिए निकलते हैं और इस मार्ग में इस प्रकार की रूकावट अवरूद्धता होने के कारण अधिवक्ता एवं पक्षकारगण अपना कार्य आसानी से नहीं कर सकते है। सोमवार को हुई बारिश में जाम लगने की सूचना पूरे प्रशासन को हो गई है और अभी बारिश का मौसम प्रारंभ ही हुआ है। इस प्रकार की समस्याओं का सामना अधिवक्तागण एवं पक्षकारगण को करना पड़ रहा है।

अधिवक्ताओं ने वैकल्पिक मार्ग पर डामरीकरण करने एवं अंडरब्रिज में पानी की निकासी अतिशीघ्र व्यवस्था बनाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में अधिवक्ता रविंद्र जैन, वीरेंद्र प्रजापति, सुरेंद्र कुमार सोनी, हरीश गोलंदाज, राजकमल सोनी आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### बजरंग दल ने चंदेरी में धर्मांतरण और गुंडागर्दी के खिलाफ खोला मोर्चा

अशोकनगर। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल प्रखंड चंदेरी द्वारा जिला अशोकनगर एवं तहसील चंदेरी में लगातार बढ़ रही धर्मांतरण, अवैध गतिविधियों और क्षेत्र में व्याप्त भय के वातावरण को लेकर रोष व्यक्त किया गया है। इस संबंध में संगठनों के पदाधिकारियों ने राज्यपाल एवं जिला कलेक्टर के नाम अनुविभागीय अधिकारी चंदेरी को एक शिकायती ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई आरोपियों के अवैध निर्माणों पर बुलडोजर कार्रवाई करने की मांग की गई है। पांडरी की युवती से दुष्कर्म का प्रयास और धमकी का मामला ज्ञापन में हाल ही में दिनांक 5 जून को ग्राम पांडरी में गंभीर मामले का उल्लेख है।

### विश्व विद्यालयों में अनियमितताएं दूर करने की मांग की

# छात्र संगठन डीएसओ ने मुख्यमंत्री के नाम मांग का ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

छात्र संगठन एआईडीएसओ द्वारा आज जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें बात रखते हुए डीएसओ जिला सचिव विश्वीर भंडारी ने बताया कि हाल ही में भोपाल विश्वविद्यालय की कार्य परिषद ने भोपाल स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का नाम बदलकर बाग्देवी भोजपाल विश्वविद्यालय किए जाने के प्रस्ताव पर मंजूरी दी है जो प्रदेश के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं जागरूक नागरिकों की भावनाओं को आहत करने वाला निर्णय है। उन्होंने विश्व विद्यालयों में व्याप्त अनियमित्ताओं को भी दूर करने की मांग की।

इस दौरान उन्होंने बताया कि यह निर्णय आज़ादी आंदोलन के क्रांतिकारियों का अपमान है। सरकारों का कर्तव्य है कि वह आने वाली पीढ़ी को आज़ादी आंदोलन के इन चरित्रों से परिचित कराए लेकिन प्रदेश की सरकार क्रांतिकारी चरित्रों और महान मनीषियों की यादों को धूमिल करने का प्रयास कर रही है। जिसकी डीएसओं संगठन कड़ी निंदा करता है।

उन्होंने आगे कहा कि बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का नाम महान स्वतंत्रता सेनानी एवं क्रांतिकारी बरकतउल्ला भोपाली की स्मृति में रखा गया था। उन्होंने गदर आंदोलन तथा भारत की स्वतंत्रता के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। ऐसे महान क्रांतिकारी के नाम पर स्थापित विश्वविद्यालय का नाम परिवर्तन न केवल उनकी स्मृति का अपमान है बल्कि स्वतंत्रता संग्राम के गौरवशाली इतिहास को भी कमजोर करने का प्रयास है। उक्त विश्व विद्यालय में शैक्षणिक एवं प्रशासनिक सुधारों की आवश्यकता है। विश्वविद्यालय में परीक्षा परिणामों में देरी, विभिन्न अनियमितताएं, शिक्षकों एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों की कमी तथा शैक्षणिक सत्रों के नियमित संचालन, फीस बढ़ोतरी जैसी समस्याएं लंबे समय से बनी हुई हैं।




**खास बातें**

- बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का नाम यथावत रखा जाए।
- विश्वविद्यालय में व्याप्त शैक्षणिक एवं प्रशासनिक अनियमितताओं को दूर किया जाए।
- पर्याप्त संख्या में शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति की जाए।
- परीक्षा परिणामों एवं शैक्षणिक सत्रों का संचालन समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित किया जाए।
- क्रांतिकारी बरकतउल्ला भोपाली के आंदोलन में उनके योगदान को सम्मानपूर्वक याद किया जाए।

